दिन–सोमवार दिनांक– 23/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के पांचवें और अंतिम चरण की आज से शुरूआत हुई। श्री कुमार ने जहानाबाद में आयोजित कार्यक्रम में सत्तर करोड़ रूपये लागत वाली अट्ठासी योजनाओं का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने एक सौ बयासी करोड़ रूपये की लागत वाली तिहत्तर योजनाओं का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर आयोजित जनसंवाद में मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो दशक में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और आधारभूत संरचना निर्माण जैसे क्षेत्रों में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है। श्री कुमार ने कहा कि आज बिहार देश के विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होने के लिए अग्रसर है। इधर, अरवल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री तिरेसठ करोड़ रूपये लागत वाली बाईस योजनाओं का शिलान्यास और नब्बे करोड़ रूपये लागत वाली दो सौ पचास योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। श्री कुमार दोनों जिले में चल रही विभिन्न विकास और कल्याणकारी परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री का जनसंवाद का भी कार्यक्रम है।

————————————————————

इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा का परिणाम आज जारी कर दिया गया है। कुल पचासी दशमलव एक नौ प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने आज पटना में परीक्षाफल जारी किया। परीक्षार्थी अपना रिजल्ट इंटर बिहार बोर्ड डॉट कॉम और बीएसईबी एग्जाम डॉट कॉम पर देख सकते हैं।

————————————————————

महान समाजवादी डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर राष्ट्र उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉक्टर लोहिया को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें दूरदर्शी नेता बताया। इधर, राजधानी पटना के लोहिया उद्यान में इस अवसर पर आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

———————————————————————————

जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर कहा कि प्रधानमंत्री पूरी स्थिति पर नजर बनाये हुए हैं। आज संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में एलपीजी की स्थिति को लेकर उन्होंने कहा कि सबकुछ नियंत्रण में है। अगर भविष्य में कोई तनाव बढ़ता है तो सरकार तब भी कोई रास्ता निकाल लेगी।

———————————————————————————

बिहार दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय समारोह के आज दूसरे दिन राजधानी पटना में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। गांधी मैदान में जाने–माने पार्श्व गायक शान की प्रस्तुति होगी। वहीं, एस.के. मेमोरियल हॉल में मोहिनिअट्टम युगल नृत्य और बुद्धचरित पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति होगी। इसके अलावा, रविन्द्र भवन में दरभंगा घराने से मल्लिक बंधु ध्रुपद गायन पेश करेंगे। रविन्द्र भवन में हास्य कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया है। कवि सम्मेलन में सुरेन्द्र शर्मा, शंभू शिखर, संजीव मुकेश, सान्या राय और पद्मिनी शर्मा शामिल होंगी।

———————————————————————————

केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि देशभर में स्वच्छ सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के लिए पीएम ई–बस सेवा पहल शुरू की गई है। इसके अंतर्गत पिछले महीने दो सौ पच्चीस इलेक्ट्रिक बसों का पहला बैच वितरित किया गया है।

———————————————————————————

अररिया जिले में कल देर रात भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। घटना नरपतगंज थाना क्षेत्र के पलासी—बथनाहा फोरलेन स्थित चौहान टोला के पास की है। फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने बताया कि अज्ञात ट्रक की टक्कर से यह हादसा हुआ है। मृतकों की पहचान कर परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

———————————————————————————

प्रदेश का मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी चंपारण जिले के कुछ स्थानों पर आज बारिश की संभावना जताई गई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कुछ स्थानों के न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की गई है। इधर, पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के साथ ही एक बार फिर छब्बीस मार्च से अट्ठाईस मार्च के बीच प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में गरज—चमक के साथ बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवा चलने की संभावना है।

———————————————————————————

समाप्त